आकांशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. नवरात्रि के पावन अवसर पर आज शाम उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा राजधानी श्री विजयपुरम् में डांडिया उत्सव का उद्घाटन करेंगे।
2. उपराज्यपाल ने कालापत्थर समुद्र तट का निरीक्षण किया और कृष्णा नगर सरकारी विद्यालय में कक्षाओं की आधारशिला रखी।
3. सेल्युलर जेल से नशामुक्त भारत का संदेश लेकर निकले अंडमान–निकोबार पुलिस के 12 बाइक सवार।
4. अंडमान–निकोबार में बे–मौसम सब्जियों और फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को दी जाएगी आर्थिक सहायता।

<><><><><><><><>

नवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी श्री विजयपुरम के आई टी एफ मैदान में आज शाम साढ़े पांच बजे से डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य डांडिया लोकनृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति और नवरात्रि की परंपराओं को बढ़ावा देना है। उत्सव में लोगों को पारंपरिक संगीत और डांडिया नृत्य का आनंद लेने के साथ आपसी एकता, सद्भाव और मेलजोल का संदेश मिलेगा। आगंतुकों के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

<><><><><><><><>

स्वराज द्वीप के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अंडमान–निकोबार के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा का दौरा कल संपन्न हो गया। उपराज्यपाल ने कालापत्थर समुद्र तट का निरीक्षण किया और अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेकर स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए साफ–सफाई जरूरी है और इसमें ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका है। उन्होंने समुद्र तट पर पांच सोलर लाइट, वाहन खड़ा करने की

सुविधा और दो पर्यावरण अनुकूल कुटिया जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान उन्होंने खुली पर्यटक बस सेवा का उद्घाटन किया तथा दो लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी और कृष्णा नगर सरकारी माध्यमिक विद्यालय में तीन अतिरिक्त कक्षाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने श्याम नगर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में भी भाग लिया। दौरे के अंतिम दिन सामाजिक संगठनों, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर जनसमस्याओं और द्वीप के विकास से जुड़े सुझाव दिए। उपराज्यपाल ने इस पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले के उपायुक्त सुशांत पाधा का 'संपर्क से समाधान–प्रशासन गांव की ओर' का दो दिवसीय बाराटांग द्वीप का दौरा कल सम्पन्न हुआ। उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष आर. अलगर स्वामी, रंगत के सहायक आयुक्त दीपांशु वोहरा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बाराटांग वन क्लब में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनीं गयी। दौरे के दौरान श्री पाधा ने विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति, बुनियादी सुविधाओं की स्थिति और स्थानीय जरूरतों का निरीक्षण किया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय की ओर से जिले के अंतर्गत खनन योजना से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह अधिसूचना प्रशासन की वेबसाइट के घोषणा अनुभाग पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने राजधानी श्री विजयपुरम स्थित राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल परिसर से नशामुक्त भारत के संदेश के साथ मोटरसाइकिल रैली को कल रवाना किया। अंडमान–निकोबार पुलिस के 12 बाइक सवार इस रैली के माध्यम से चेन्नई से गुजरात के एकता नगर तक करीब एक हजार आठ सौ किलोमीटर की यात्रा कर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। उपराज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक को अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, उनकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला को खत्म करने और

नशीले पदार्थों की मांग कम करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में ऊर्जा लगाने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर सांसद विष्णु पद रे, पुलिस महानिदेशक रविंद्र सिंह यादव और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में दुर्गा पूजा के अवसर पर ग्रामीण विकास निदेशालय के अंतर्गत अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से स्वयं सहायता समूहों का मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए 60 दुकानें लगाई गई हैं, जहाँ स्थानीय खाद्य पदार्थों और हस्तशिल्प की विभिन्न वस्तुएं उपलब्ध हैं। मेला आज भी शाम चार बजे से रात नौ बजे तक चलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में उच्च मूल्य वाली बागवानी और मौसम के प्रतिकूल प्रभावों से फसलों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी वर्ष 2026–27 में संरक्षित खेती योजना लागू कर रही है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत किसानों को प्राकृतिक हवा से हवादार पॉली हाउस, बांस या केबल संरचना वाले पॉली हाउस, छायादार जाल घर और खरपतवार रोकने वाली चटाई लगाने के लिए 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। पॉली हाउस और छायादार जाल घर के लिए प्रति लाभार्थी अधिकतम ढाई हजार वर्ग मीटर तथा खरपतवार रोकने वाली चटाई के लिए 4000 वर्ग मीटर तक सहायता मिलेगी। इस योजना से प्रतिकूल मौसम में खेती, पानी के बेहतर उपयोग, बेमौसम सब्जियों के उत्पादन, पौध तैयार करने और उच्च मूल्य वाले फूलों की खेती को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विभाग ने किसानों से विस्तृत जानकारी, आवेदन और अनुदान संबंधी मार्गदर्शन के लिए अपने क्षेत्र के क्षेत्रीय अधिकारियों और विस्तार कर्मचारियों से संपर्क करने की अपील की है।

<><><><><><><>

कार निकोबार के मलक्का स्थित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संकुल संसाधन केंद्र मलक्का की ओर से बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2026–27 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विचारों, नए प्रारूपों, कलात्मक प्रतिभा और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जिजी पॉल मुख्य अतिथि, शिक्षा अधिकारी जैकब इजराइल विशेष अतिथि और मलक्का गांव के हेड कैप्टन माइकल टाइटस सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवलिन ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रदर्शनी में मलक्का, काकाना और तमालू के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा, नवाचार और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा।

<><><><><><><>

कार निकोबार द्वीप में सूअरों में क्लासिकल स्वाइन फीवर बीमारी की पुष्टि हुई है। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में जीवित सूअरों और सूअर के माँस सहित सभी संबंधित उत्पादों के समुद्र, हवाई और सड़क मार्ग से परिवहन पर अगले आदेश तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह बीमारी मनुष्यों में नहीं फैलती, लेकिन सूअरों के लिए अत्यंत संक्रामक है और इससे उनकी बड़ी संख्या में मृत्यु हो सकती है।

<><><><><><><>